**विधान परिषद् के द्वितीय सत्र-2024 के प्रथम शुक्रवार के लिए निर्धारित श्री शाहनवाज खान, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-*9 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 9 (क) क्या जल शक्ति मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सहारनपुर के किन-किन गांवो में पानी की टंकी प्रस्तावित है और कौन-कौन से गांवो में कार्य शुरू हो चुका है ? | जनपद सहारनपुर में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कुल 1105 राजस्व ग्रामों हेतु 706 पाइप पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य प्रस्तावित है, जिनमें से 1026 राजस्व ग्रामों हेतु 629 पाइप पेयजल योजनाओं का कार्य प्रारम्भ करा दिया गया है। |
| (ख) जनपद-सहारनपुर देहात विधानसभा सीट-04 के ज्यादातर गांवों में पानी की टंकियों का कार्य पूरा होने के बाद सड़कों का मरम्मत कार्य नहीं हो पाया है ? | जनपद सहानपुर की देहात विधान सभा सीट-04 के कुल 146 राजस्व ग्रामों हेतु कुल 114 पाइप पेयजल योजनाएं स्वीकृत हैं। उक्त में से 128 राजस्व ग्रामों में 101 पाइप पेयजल योजनाओं का कार्य प्रारम्भ करा दिया गया है। 13 पाइप पेयजल योजनाओं से सम्बन्धित ग्रामों में तोडी गई सड़कों के पुनर्स्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अवशेष 88 पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरान्त तोडी गई सड़कों की पुनर्स्थापना का कार्य पूर्ण कराया जाना लक्षित है। |
| (ग) यदि हॉं, तो क्यों नहीं हुआ तथा उक्त कार्य कब तक करायेंगे ? | जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं के समस्त कार्यो को पूर्ण कराये जाने एवं टेस्टिंग के उपरान्त तोडी गई सड़कों की पुनर्स्थापना का कार्य दिसम्बर, 2024 तक पूर्ण कराया जाना लक्षित है। |

**स्वतंत्र देव सिंह**
**मंत्री**
**जल शक्ति,**
(सिंचाई एवं जल संसाधन, सिंचाई (यांत्रिक), बाढ़ नियंत्रण, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लघु सिंचाई एवं परती भूमि विकास विभाग)।